पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 15.12.2024

विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 12 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक-14/15.12.2024 को-

01- थाना बीकेटी में पंजीकृत मु0अ0सं0 378/2024 धारा 103(1) बीएनएस से सम्बन्धित 01 अभियुक्त 01. रजनीश उर्फ छोटू

02- थाना बीकेटी में पंजीकृत 01. मु0अ0सं0 238/2024 धारा 305(ए)/331(4)/317(2) बीएनएस, व अन्य चोरी के मुकदमों में वांछित 01 अभियुक्त 01- राहुल गौतम

03- थाना गाजीपुर में पंजीकृत 1-मु0अ0सं0 533/24 धारा 305(ए)/331(4)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित 06 अभियुक्तों 01. जतिन गौतम 02. सतीश कश्यप 03. आशीष कश्यप 04. युसुफ अंसारी 05. दीपू उर्फ डब्बू 06. अंकित कुमार गुप्ता

04- थाना जानकीपुरम में, थाना वागले इस्टेट जिला ठाणे शहर महाराष्ट्र में पंजीकृत मु0अ0सं0 1175/24 धारा 319(2)/318(4) BNS व 66सी व 66 डी आईटी एक्ट से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 01- संदीप यादव 02- रौचक श्रीवास्तव

05- थाना पीजीआई में पंजीकृत मु0अ0सं0 794/2024 धारा 191(2)/70(1)/115(2)/140(1) बीएनएस से सम्बन्धित 01 अभियुक्ता 01. सीमा

06- थाना पीजीआई में पंजीकृत मु0अ0सं0 790/2024 धारा 331(3) /305/317(2) बीएनएस0, थाना पीजीआई लखनऊ 2.मु0अ0सं0 791/24 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस0, थाना पीजीआई लखनऊ 3.मु0अ0सं0 772/24 धारा 305/331(4)/317(2) से सम्बन्धित 01 अभियुक्त 01. अभिषेक कुमार

जोन-उत्तरी

थाना गुडम्बा-घर में चोरी

दिनांक 14.12.2024 को वादी श्री दुर्गेश यादव निवासी शिवपुरी मिश्रपुर थाना गुडम्बा लखनऊ ने थाना ने थाना स्थानीय पर लिखित सूचना दिया जिसमें वादी दिनांक 14.12.2024 समय करीब 12.00 बजे दिन में बाहर गया हुआ था, वादी की पत्नी भी अपने आफिस गयी हुयी थी, घर में ताला बन्द था, समय करीब शाम 05.11 बजे जब वादी घर वापस आया तो देखा कि घर का ताला एवं कुड़ी टूटी हुई है, जब वादी बेड रूम में गया तो देखा कि अलमारी में रखे पत्नी के चांदी व सोने के कीमती जेवरात अलमारी में नही थे, जिन्हे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया, तथ्य अंकित है। **वादी द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना गुडम्बा पर मु0अ0सं0 502/2024 धारा 331(3)/305(A) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन व सीसीटीवी फुटेज चेक कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

<u>पूर्वी जोन</u>

थाना गोमतीनगर-

दिनांक 14.12.2024 को समय करीब 03.10 बजे दिन में डा0 राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल से थाना स्थानीय पर एक डेथ मेमो इस आशय का भेजा गया कि विपिन पुत्र आन बहादुर मूल निवासी-नेपाल हालपता-विनीतखण्ड-6 थाना गोमतीनगर लखनऊ को इस चिकित्साल में उनके भाई श्यामलाल द्वारा मृत अवस्था में लाया गया। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री भानु प्रताप थाना विभूतिखण्ड द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।**

प्रथमदृष्टया जानकारी हुयी कि मृतक विपिन थापा पुत्र आन बहादुर थापा वर्तमान निवासी-6 /136 गोमती नगर थाना गोमती नगर लखनऊ स्थाई पता ग्राम-भगोरी थाना गोरी जनपद डांग लुंबिनी नेपाल, काम की तलाश में नेपाल से लखनऊ आया था, तथा वर्तमान में शोभाराम पुत्र गुरु बहादुर के साथ रह रहा था। दिनांक 14-12-24 को दिन में 12.00 अचानक तबीयत खराब हुई जिस पर शोभाराम के पुत्र श्यामल द्वारा उसे इलाज के लिए लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गयी है, उनके द्वारा अवगत कराया गया है कि शाम तक पहुंच जाएंगे। मृतक के बारे में स्थानीय जानकारी हुई की मृतक विपिन शराब का काफी सेवन करता था।

प्रथमदृष्टया शराब पीने से ही, मृत्यु की संभावना प्रतीत होती है, मृत्यु के वास्तविक कारणों की जानकारी हेतु मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

थाना पीजीआई-

दिनांक 15.12.2024 को जरिये दूरभाष थाना स्थानीय पर सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने सेक्टर 5 वृन्दावन योजना तेजीबाग में आत्महत्या कर लिया है। इस सूचना पर एस0आई0 श्री निमेष दुबे थाना पीजीआई द्वारा तत्काल मौके पर उपरोक्त पते पर पहुंचे तो जानकारी हुयी कि ओजस्वी सिंह यादव पुत्र राकेश चन्द्र यादव उम्र करीब 17 वर्ष ने अपने कमरे में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है, जिसको परिजनों द्वारा पूर्व में ही उतारकर कमरे में बेड रखा गया था। मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना करते हुए पोस्टमार्टम न कराने के संबंध में बताया कि मृतक उपरोक्त पढाई की वजह से डिप्रेशन में था और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। **पोस्टमार्टम व अन्य कोई भी कार्यवाही ने कराने के संबंध में मृतक के परिजनों ने लिखित में प्रार्थनापत्र दिया है, जिसके आधार पर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर शव को परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार हेतु ले जाया गया।**